ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

WORK SHEET – 15

Sub : Hindi Grammar **Class : IIB** **Date : 28.09.2020**

Topic : अपठित गद्यांश

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

एक राजा के दो पुत्र थे। वह बहुत खुशी-खुशी अपने परिवार के साथ रहते थे। उन्हें सिर्फ एक दुख था। उनका बड़ा पुत्र कुँवर राजवीर सिंह बहुत झगड़ालू और गुस्सैल था। उसे राज्य में कोई भी पसन्द नहीं करता था। उनका छोटा पुत्र कुँवर विजय सिंह बहुत आज्ञाकारी और सुशील था। उसे राज्य की सारी प्रजा पसन्द करती थी। वह भी प्रजा का बहुत ध्यान रखता था। राजा ने अपने बड़े पुत्र को समझाने की बहुत कोशिश की पर वह नहीं सुधरा। अंत में बड़ा होने पर उन्होंने अपने छोटे बेटे को राजगद्दी सौप दी। उसने अपने अच्छे व्यवहार से सबका मन जीत लिया और राजवीर सिंह अपनी बुराइयों के कारण हमेशा अपमान सहता रहा।

1. राजा के पुत्रो का नाम क्या थे?
2. राजा के बड़े पुत्र का स्वभाव कैसा था?
3. राजा के छोटे पुत्र का स्वभाव कैसा था?
4. प्रजा विजय सिंह को क्यों पसन्द करती थी?
5. राजवीर और विजय में से आपको कौन अच्छा लगा और क्यों?
6. गद्यांशों में से एक विशेषण छाँटे।
7. गद्यांशों में से एक विशेष्य छाँटे।
8. पुत्र शब्द के लिए एक पर्यायवाची लिखे।
9. राजा शब्द का लिंग बदले।
10. गद्यांश में से क्रिया छाँटे।

Sangeeta Khosla